# AF-4030

B.Com. (Part - III)
Term End Examination, 2017-18

Paper - I

Indirect Taxes

*Time* : Three Hours] [*Maximum Marks* : 75

---

**नोट** : **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। सभी प्रश्नों के अंक समान हैं।

**Note** : Answer **all** questions. All questions carry equal marks.

---

**इकाई / Unit-I**

**1.** केन्द्रीय उत्पाद शुल्क अधिनियम, 1944 की पंजीयन की प्रक्रिया को समझाइए।

Explain the procedure for obtaining registration under the Central Excise Act, 1944.

***अथवा / OR***

सावन लिमिटेड पंखों का निर्माण करती है। उसे 1200 पंखों के ऑर्डर प्राप्त होते हैं। इस संबंध में निम्नलिखित व्यय चार्ज किया जाता हैं :

(*a*) प्रति पंखा मूल्य ₹ 1,000।

(*b*) प्रति पंखे पैकिंग व्यय ₹ 60।

(*c*) व्यापारिक बट्टा ₹ 1,000 पर 5% की दर से।

(*d*) मार्गस्थ बीमा व्यय ₹ 1,400।

(*e*) बाह्य भाड़ा ₹ 12,600।

(*f*) विक्रय मूल्य वसूली हेतु बैंक कमीशन ₹ 600।

(*g*) प्रति पंखा ₹ 1,000 पर 10% विशेष छूट यदि ₹ 2,00,000 अग्रिम दिए जाए। क्रेता ने अग्रिम राशि का भुगतान किया है।

कर योग्य मूल्य ज्ञात कीजिए। उत्पाद शुल्क की राशि भी बताइए यदि उत्पाद शुल्क की दर 12.5% है।

Sawan Ltd. manufacture fans. It gets order for 1200 fans. For the order following expenses are charged :

(*a*) Price per fan ₹ 1,000.

(*b*) Packing charges per fan ₹ 60.

(*c*) Trade discount @ 5% on ₹ 1,000.

(*d*) Transit insurance premium ₹ 1,400.

(*e*) Outward freight ₹ 12,600.

(*f*) Bank commission for recovery of Sales price ₹ 600.

(*e*) Special discount on ₹ 1,000 per fan if buyer ready to pay ₹ 2,00,000 as an advance. Buyer had paid advance of ₹ 2,00,000.

Find assessable value. Also find out the amount of Excise Duty payable if rate of duty is 12.5%.

**इकाई / Unit-II**

**2.** मादक पदार्थों के उत्पादन, संग्रह एवं विक्रय से सम्बन्धित, छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के प्रावधानों का वर्णन कीजिए।

Describe the provisions of Chhattisgarh Excise Act relating to manufacture, possession and sale of intoxicants.

***अथवा / OR***

सरगुजा के भण्डार गृह से सितंबर माह, 2017 को निम्नलिखित मादक पदार्थ निर्गमित किए गए :

| | | |
|---|---|---|
| (*a*) | देशी मदिरा सादी | 2950 प्रूफ लीटर |
| (*b*) | देशी मदिरा मसालेदार | 5050 प्रूफ लीटर |
| (*c*) | मिलिटरी संगठन को व्हिस्की | 2400 प्रूफ लीटर |
| (*d*) | भांग घोटा की दुकान के लिए अनुज्ञप्तिधारी को भांग | 400 कि.ग्रा. |
| (*e*) | लाइसेंसधारी व्यापारी को वाइन (मूल्य ₹1,750 प्रति प्रूफ लीटर) | 8000 प्रूफ लीटर |

(*f*) व्यापारी को भांग, उपभोक्ता के लिए — 1000 कि.ग्रा.

(*g*) अधिकृत मिलिटरी कैंटीन को बीयर — 1260 बल्क लीटर

(*h*) बीयर बार को बीयर — 5000 बल्क लीटर

(*i*) भारत-तिब्बत सीमा पूलिस कैंटीन को बीयर — 28200 बल्क लीटर

(*j*) ठेकेदार को विदेशी शराब (मूल्य ₹ 1,900 प्रति केस) — 2300 प्रूफ लीटर

संग्रहीत आबकारी शुल्क की गणना छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत निर्धारित दरों से कीजिए।

The following intoxicants were issued from Sarguja Warehouse in the month of September, 2017 :

(*a*) Plain country liquor — 2950 proof litre

(*b*) Spiced country liquor — 5050 proof litre

| | | |
|---|---|---|
| (*c*) | Whisky to Military Canteen | 2400 proof litre |
| (*d*) | Bhang to licence holder for shop of Bhang Ghota | 400 kg. |
| (*e*) | Wine to licence holder (Rate ₹ 1,750 per proof litre) | 8000 proof litre |
| (*f*) | Bhang to a trader for consumers | 1000 kg. |
| (*g*) | Beer to authorised Military Canteen | 1260 Bulk litre |
| (*h*) | Beer to Beer Bar | 5000 Bulk litre |
| (*i*) | Beer to Indo-Tibetan Border Police | 28200 Bulk litre |
| (*j*) | Foreign Liquor to contractors (Rate ₹ 1,900 per case) | 450 proof litre |

You are required to compute the amount of Excise Duty payable under Chhattisgarh Excise Act.

## इकाई / Unit-III

**3.** केन्द्रीय सीमा शुल्क से संबंधित पदाधिकरियों के कर्त्तव्य, अधिकारों एवं शक्तियों का वर्णन कीजिए।

Describe the functions, rights and powers of authorities related to Central Customs Duty.

***अथवा / OR***

X Co. ने अमेरिका से माल आयात किया। निम्नलिखित सूचनाओं से देय आयात शुल्क की गणना कीजिए :

| | | |
|---|---|---|
| (*a*) | माल का मूल्य | $ 15,000 |
| (*b*) | पैकिंग व्यय | $ 3,000 |
| (*c*) | दलाल को भारत में कमीशन दिया, जिसने यह सौदा करवाया है | ₹ 10,000 |
| (*d*) | अमेरिका से भारतीय बंदरगाह तक परिवहन लागत | $ 2,000 |
| (*e*) | बीमा प्रीमियम | $ 1,000 |

(*f*) विनिमय दर :

(*i*) बोर्ड द्वारा घोषित 1 डॉलर = ₹ 60

(*ii*) रिजर्व बैंक द्वारा घोषित 1 डॉलर = ₹ 60.50

(*g*) मूल सीमा शुल्क की दर 10%

(*h*) इसी प्रकार के माल पर भारत में उत्पाद शुल्क की दर 12.5%

(*i*) विशेष अतिरिक्त सीमा शुल्क 4% एवं शिक्षा उपकर एवं माध्यमिक और उच्च शिक्षा उपकर 3% देय है।

X Co. imported goods from America. From the following information determine the Custom Duty payable :

| | | |
|---|---|---|
| (*a*) | Cost of goods | \$ 15,000 |
| (*b*) | Packing charges | \$ 3,000 |
| (*c*) | Paid commission in India to the broker who arranged the deal abroad | ₹ 10,000 |
| (*d*) | Freight from America to Indian port | \$ 2,000 |

(*e*) Insurance Premium $ 1,000

(*f*) Exchange Rate :

(*i*) Declared by the Board 1 dollar = ₹ 60

(*ii*) Declared by the RBI 1 dollar = ₹ 60.50

(*g*) Rate of Basic Custom Duty 10%

(*h*) On similar goods the rate of Excise Duty payable in India 12.5%

(*i*) SAD 4% and Education cess and SHEC @ 3% is leviable

**इकाई / Unit-IV**

**4.** केंद्रीय बिक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत व्यापारियों के पंजीकरण संबंधी प्रावधानों एवं नियमों का वर्णन कीजिए।

Describe the provisions and rules regarding registration of dealers under the Central Sales Tax Act.

***अथवा / OR***

एक व्यापारी के 31 मार्च, 2017 को समाप्त वर्ष के लिए विक्रय का विवरण निम्न प्रकार हैं :

| | | |
|---|---|---|
| | | (₹) |
| (*a*) | सकल विक्रय (इस राशि में विक्रय कर की राशि सम्मिलित नहीं है) | 20,00,000 |
| (*b*) | राज्य में विक्रय | 3,00,000 |
| (*c*) | भारत के बाहर विक्रय | 1,00,000 |
| (*d*) | राज्य के बाहर क्रय-विक्रय | 2,00,000 |
| (*e*) | ऐसे माल का विक्रय जो राज्य के विक्रय कर अधिनियम के अंतर्गत कर मुक्त है | 60,000 |
| (*f*) | अन्तर्राज्जीय विक्रय में से माल वापस आया (6 माह के अंदर) | 30,000 |
| (*g*) | अन्तर्राज्जीय विक्रय में से माल वापस आया(6 माह के पश्चात) | 10,000 |
| (*h*) | अन्तर्राज्जीय व्यापार में पश्चातवर्त्तीय विक्रय) | 80,000 |

इस व्यापारी के केन्द्रीय विक्रय कर अधिनियम के अन्तर्गत कर-योग्य विक्रय राशि का निर्धारण कीजिए।

The particulars of sales of a dealer for the year ending 31 March, 2017 were as under :

| | | (₹) |
|---|---|---|
| (*a*) | Gross Sale (the amount of Sales tax is not included in this amount) | 20,00,000 |
| (*b*) | Sales in the State | 3,00,000 |
| (*c*) | Sales outside India | 1,00,000 |
| (*d*) | Purchase and Sales outside State | 2,00,000 |
| (*e*) | Sale of goods which are exempted under the State | 60,000 |
| (*f*) | Goods returned out of inter-state sales (within 6 months) | 30,000 |
| (*g*) | Goods returned out of inter-state sales (after 6 months) | 10,000 |
| (*h*) | Subsequent sale (Resale) during inter-state sales | 80,000 |

Determine taxable sale of this dealer under the Central Sales Tax Act.

## इकाई / Unit-V

**5.** निम्नलिखित की परिभाषा दीजिए :

(*a*) व्यापारी

(*b*) माल

(*c*) विक्रय मूल्य

(*d*) आवर्त

(*e*) कारोबार

Define the following :

(*a*) Dealer

(*b*) Goods

(*c*) Sales price

(*d*) Turnover

(*e*) Business

***अथवा / OR***

एक व्यापारी का कुल विक्रय निम्नलिखित है :

| | | (₹) |
|---|---|---|
| (*a*) | मूंगफली – छत्तीसगढ़ राज्य में | 2,00,000 |
| (*b*) | कपास बीज – अपंजीकृत व्यापारियों एवं उपभोक्ताओं को | 2,00,000 |
| (*c*) | मेथी–किसानों से क्रय कर फार्म 'सी' पर विक्रय | 1,00,000 |
| (*d*) | फूलों के बीज | 50,000 |
| (*e*) | ताजे फल | 20,000 |
| (*f*) | ताजे फूल | 45,000 |
| (*g*) | धनिया बीज किसानों को | 10,000 |
| (*h*) | लाल सूखी मिर्च (पंजीकृत मसाला उद्योग को) | 1,25,000 |
| (*i*) | लहसुन दवाई बनाने के लिए | 50,000 |
| (*j*) | सरकारी स्टाम्प | 30,000 |

उपर्युक्त जानकारी के आधार पर छत्तीसगढ़ वाणिज्यिक कर अधिनियम के अनुसार कर-योग्य विक्रय की राशि ज्ञात कीजिए।

A traders has the following total Sales :

| | | (₹) |
|---|---|---|
| (*a*) | Groundnut - In Chhattisgarh State | 2,00,000 |
| (*b*) | Cotton seeds - to unregistered dealers and customers | 2,00,000 |
| (*c*) | Methi - Sale on Form 'C' after purchase from farmers | 1,00,000 |
| (*d*) | Flowers seeds | 50,000 |
| (*e*) | Fresh Fruits | 20,000 |
| (*f*) | Fresh Flowers | 45,000 |
| (*g*) | Dhania seeds to farmers | 10,000 |
| (*h*) | Red dry chilly (to registered masala udyog) | 1,25,000 |
| (*i*) | Garlic for medicine | 50,000 |
| (*j*) | Govt. stamps | 30,000 |

On the basis of the above information compute the taxable turnover under Chhattisgarh Commercial Tax Act.